आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 27.09.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- आज विश्व पर्यटन दिवस मनाया जा रहा है—हवाई अड्डा निदेशक देवेन्दर यादव ने कहा कि पर्यटन आर्थिक समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है।
- दक्षिण अंडमान जिले में बिना वैध लाइसेंस के होटलों, अतिथि आवासों, लॉज और बेड एंड ब्रेकफास्ट को संचालित करने की अनुमति नही है।
- दक्षिण अंडमान ज़िले में आवासीय और वाणिज्यिक संस्थानों को किराए या उप—किराए पर देने से पहले इसमें रहने वाले लोगों की जानकारी नजदीकी पुलिस थाने में देने को कहा गया है।
- गरीबी रेखा से ऊपर अंत्योदय अन्न योजना और प्राथमिकता वाले समूह के बचे हुए राशन कार्ड लाभार्थियों से इक्कतीस अक्तूबर तक ई—के वाई सी कराने का एक बार फिर अनुरोध किया गया है।
- सरकार ने नागरिकों की आधार और पैन की जानकारी को इंटरनेट पर उजागर करने वाली वेबसाइट्स पर प्रतिबंध लगा दिया है।

<><><><><><>

आज विश्व पर्यटन दिवस है। लोगों को एक दूसरे से जोड़े रखने और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में पर्यटन की भूमिका को दर्शाने के उद्देश्य से हर साल सत्ताईस सितम्बर को यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है— पर्यटन और शांति। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में भी विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं। हवाई अड्डे, जेट्टियों में आज पहुंचने वाले आगन्तुकों का स्वागत किया गया। वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में भारतीय विमानन प्राधिकरण, विमान कम्पनियों, सी आई एस एफ और हवाई अड्डे में कार्यरत विभिन्न एजेंसियों की ओर से पर्यटन के महत्व, इसके सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक मूल्य के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए कार्यक्रम आयोजित हुआ। हवाई अड्डा निदेशक देवेन्दर यादव ने कहा कि पर्यटन आर्थिक समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। भारतीय विमानन प्राधिकरण ने विमानन बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए निवेश

भी किया है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सोलह नवम्बर से अंतर्राष्ट्रीय परिचालन भी शुरू करने की योजना है। यह द्वीपसमूह में पर्यटन के लिए एक नया अवसर खोलेगा।

**<><><><><><><>**

दक्षिण अंडमान जिले में राष्ट्र विरोधी ताकतों के संदिग्ध गैर गतिविधियों को रोकने और जनता तथा उनकी सम्पत्तियों की रक्षा के लिए जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा की ओर से सभी होटल, आतिथि आवासों, लॉज और होम स्टे मालिकों के लिए लिखित आदेश जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि जिन होटलों, अतिथि आवासों, लॉज और बेड एंड ब्रेकफास्ट के पास वैध लाइसेंस है, उन्हें ही जिले में संचालित करने की अनुमति है। ऐसे सभी प्रतिष्ठानों में समुचित मात्रा में सीसी टीवी कैमरा भी होने चाहिए, जिसके जरिए लोगों के परिसरों में प्रवेश और निकासी का पता चल सके। सभी कैमरा कार्य करने की स्थिति में हो और कवरेज को कम से कम तीस दिनों तक संरक्षित रखना होगा। ऐसे सभी संस्थानों को परिसर में रहने वाले लोगों के बारे में पूर्ण जानकारियां रखने के लिए रजिस्टर भी बनाए रखना होगा और संबधित लोगों की वैध पहचान की कॉपी भी रिकॉर्ड के लिए रखनी होगी। ऐसे सभी प्रतिष्ठानों को फार्म सी भरकर निर्धारित अवधि के भीतर प्राधिकृत अधिकारी के पास जमा करना होगा। यह आदेश पच्चीस सितम्बर से लागू हो गया है, जो अगले साठ दिनों तक जारी रहेगा। आदेश में इसका पालन करने को कहा गया है। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा दो सौ आठ के तहत कार्रवाई की जाएगी।

**<><><><><><><>**

दक्षिण अंडमान ज़िले में आवासीय और वाणिज्यिक संस्थानों को किराए या उप–किराए पर देने से पहले इसमें रहने वाले लोगों की जानकारी नजदीकी पुलिस थाने में देने को कहा गया है। ज़िला मजिस्ट्रेट की ओर से इस संबंध में आदेश जारी करते हुए यह कहा गया है कि इस निर्णय से असामाजिक तत्वों के भागने या छिपने पर रोक लगाया जा सकता है और इससे लोगों की सुरक्षा तथा ज़िले में शांति को भी कायम किया जा सकेगा। आदेश के तहत किसी भी मकान मालिक या वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के प्रबंधक या मालिकों को किराएदारों या पेईंग गेस्ट को रखने से पहले स्थानीय पुलिस थाने में इसकी जानकारी देनी होगी। नौकर के संबंध में भी यह आदेश लागू होगा। आदेश पच्चीस सितम्बर से लागू हो गई है और अगले साठ दिनों तक लागू रहेगी।

**<><><><><><><>**

गरीबी रेखा से ऊपर अंत्योदय अन्न योजना और प्राथमिकता वाले समूह के बचे हुए राशन कार्ड लाभार्थियों से इक्कतीस अक्तूबर तक ई–के वाई सी कराने का एक बार फिर अनुरोध किया गया है।

निर्धारित तिथि के बाद नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। ऐसे सभी लाभार्थी नागरिक आपूर्ति विभाग के कमरा नम्बर बीस या अपने–अपने आपूर्ति विभाग के इकाईयों से संपर्क कर ई–के वाई सी करा सकते हैं। ऐसे सभी बचे हुए लाभार्थियों की सूची संबंधित उचित मूल्य की दुकानों मे भी जानकारी के लिए उपलब्ध कराया गया है।

इस बीच, अंत्योदय अन्न योजना और प्राथमिकता वाले समूह के एक से सत्रह वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का पांच वर्ष की आयु होने से पहले ही आधार बनाया गया था। इस कारण इनका ई– के वाई सी पूर्ण नहीं हो पा रहा है। ऐसे सभी लाभार्थियों से भी अपने नजदीकी केन्द्रों में जाकर आधार को तर्कसंगत बनाने को कहा गया है। आपूर्ति विभाग की ओर से लगातार आधार शिविरों का भी आयोजन किया जा रहा है। ऐसे लाभार्थी एक से सत्रह वर्ष आयु वर्ग तक के बच्चों के आधार में सुधार के लिए नागरिक आपूर्ति विभाग से भी संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

सरकार ने नागरिकों की आधार और पैन की जानकारी को इंटरनेट पर उजागर करने वाली वेबसाइट्स पर प्रतिबंध लगा दिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कुछ ऐसी वेबसाइट की पहचान की है जो नागरिकों की निजी पहचान सहित आधार और पैन की जानकारी उजागर कर रही थीं। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने इस मामले में मामला दर्ज किया है। संबंधित वेबसाइट के मालिकों को जरूरी कार्रवाई और साईट में परिवर्तन करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

<><><><><><><>

समग्र शिक्षा यूटी मिशन प्राधिकरण की ओर से विशेष एजुकेटर के रिक्त पड़े सोलह पदों को भरा जाएगा। अनुबंध के आधार पर की जाने वाली नियुक्ति के लिए उम्मीदवार की आयु चालीस वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। चुने गए उम्मीदवारों को पन्द्रह हजार रूपये प्रतिमाह की दर से एकमुश्त राशि दी जाएगी। आवेदन फार्म पांच अक्तूबर तक द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में स्थित ब्लॉक प्रोजेक्ट कार्यालय या ज़ोनल कार्यालयों से प्राप्त कर निर्धारित स्थलों में जमा किया जा सकता है।

उधर, टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में अतिथि प्रवक्ता की नियुक्ति के लिए कॉलेज की वेबसाइट पर जानकारियां उपलब्ध कराई गई है। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रपत्र में तीन अक्तूबर तक आवेदन कर सकते हैं।

इस बीच, जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न पी जी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए तीसरे चरण का परामर्श तीस सितम्बर को कॉलेज में रखा गया है। उम्मीदवारों को सुबह नौ बजे उपस्थित होना होगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के कुछ भागों में बिजली से संबंधित कार्य किए जाने की वजह से कल शोल बे फरारगंज फीडर और होपटाउन वी फीडर में बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। कटौती सुबह आठ बजे से शाम तीन बजे तक होगी।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय पोषण माह मनाए जाने के सिलसिले में राज्य आयुष सोसाइटी की ओर से हाल ही में आयुष योग शिविर का आयोजन किया गया। जोगर्स पार्क में आयोजित इस शिविर में योग प्रशिक्षक मंगल भगत ने योग का निदर्शन किया। कार्यक्रम में प्रार्थना और शांति पाठ के साथ सूक्ष्म व्यायाम, आसन और प्रणायाम भी किया गया। योग और न्यूरोपैथी की चिकित्सा अधिकारी डॉ. नन्दिनी के मार्गदर्शन में योग प्रशिक्षकों ने सूर्य नमस्कार भी किए। इस अवसर पर उप–निदेशक डॉ. कल्याण पी कदभाने, वरिष्ठ चिकित्सों, अस्पताल के कर्मियों और आम जनता ने भाग लिया।

<><><><><><><>